छ.ग. राज्य अंत्यावसायी सहकारी वित्त एवं विकास निगम

स्वरोजगार हेतु (पी पी पी - पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप) प्रस्ताव आमंत्रण

द्वारा

प्रबंध संचालक

छ.ग.राज्य अंत्यावसायी सहकारी वित्त एवं विकास निगम

चतुर्थ तल, व्यवसायिक परिसर, हाऊसिंग बोर्ड भवन,

सेक्टर 27, नया रायपुर

DISCLAIMER

This Request for Proposal (RFP) is issued by the Office of the Managing Director, chhattisgarh Rajya Antyavasai Sehkari Vitt evm Vikas Nigam, under ST & SC Development Department, Govt. of Chhattisgarh Raipur.

While the information in this RFP has been prepared in good faith, it does not support to be comprehensive or to have been independently verified. Neither Managing Director, chhattisgarh Rajya Antyavasai Sehkari Vitt evm Vikas Nigam , Raipur nor any of its officers or employees, nor any of their advisers nor consultants accept any liability or responsibility for the accuracy, reasonableness or completeness of, or for any errors, omissions or misstatements, negligent or otherwise, relating to the proposed assignment, or makes any representation or warranty, express or implied, with respect to the information contained in this RFP or on which this RFP is based or with respect to any written or oral information made or to be made available to any of the recipients or their professional advisers and, so far as permitted by law and except in the case of fraudulent misrepresentation by the party concerned, and liability therefore is hereby expressly disclaimed.

The information contained in this RFP is selective and is subject to updating, expansion, revision and amendment at the sole discretion of the nigam. It does not claim to, contain all the information that a recipient may require for the purposes for making a decision for participation in this selection process. Each agency must conduct its own analysis of the information contained in this RFP, to correct any inaccuracies therein and is advised to carry out its own investigation into the proposed assignment, the regulatory regime which applies thereto and by and all

matters pertinent to the project and to seek its own professional advice on the legal, financial and regulatory consequences of entering into any agreement or arrangement relating to the Project.

This RFP includes certain statements, information, projections and forecasts with respect to the proposed assignment. Such statements, information, projections and forecasts reflect various assumptions made by the management, officers and employees of the nigam which (the assumptions and the base information on which they are made) may or may not prove to be correct. No representation or warranty is given as to the reasonableness of forecasts or the assumptions on which they may be based and nothing in this RFP is, or should be relied on as, a promise, representation or warranty.

छ.ग. राज्य अंत्यावसायी सहकारी वित्त एवं विकास निगम

स्वरोजगार हेतु (पी पी पी - पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप) प्रस्ताव आमंत्रण

पृष्ठभूमि:

छ. ग. राज्य अंत्यावसायी सहकारी वित्त एवं विकास निगम का गठन सहकारिता अधिनियम के अंतर्गत वर्ष 2000 में लक्षित वर्ग (अनु.जनजाति / अनु.जाति / सफाई कामगार / पिछड़ा वर्ग / अल्पसंख्यक) के आर्थिक विकास, उद्यमिता हेतु ऋण उपलब्धता, एवं तकनीकी प्रशिक्षण की उद्देश्य पूर्ती हेतु हुआ था. निगम अनु.जनजाति, अनु.जाति विकास विभाग, छ.ग. शासन के अंतर्गत कार्यरत है । प्रारम्भ से अब तक निगम द्वारा संचालित 16 प्रशिक्षण केन्द्रों (11- अनु.जनजाति / 5 - अनु.जाति) में लगभग 10000 प्रशिक्षनार्थियों को सफलतापूर्वक प्रशिक्षण दिया जा चुका है।

कौशल विकास:

छ.ग. शासन द्वारा राज्य के युवाओं को कौशल का अधिकार दे कर सम्पूर्ण राज्य ने देश में प्रथम स्थान हासिल किया है, और विश्व में दक्षिण अफ्रीका के बाद दूसरा । कौशल के अधिकार अधिनियम २०१३ के अंतर्गत 14 से 45 वर्ष के आयु वर्ग के हर व्यक्ति को अपने कौशल उन्नयन का अधिकार है । छ.ग. शासन राज्य के दूरस्थ एवं दुर्गम इलाकों में कौशल के विकास हेतु प्रतिबद्ध है ।तत्संबंध में निगम राज्य के ज़िलों में पूर्व से स्थापित अपनी अधोसंरचना का अधिकतम उपयोग कौशल विकास हेतु करना चाहता है ।

उद्देश्य:

"लक्षित वर्ग के युवाओं के कौशल विकास के साथ स्वरोजगार की सुनिश्चतता"

संकल्पना:

निगम पूर्व से अपने 16 प्रशिक्षण केंद्र विभिन्न ज़िलों में संचालित कर रहा है, जिसके अंतर्गत विभिन्न रोज़गार उन्मूलक ट्रेडों में प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है । इस प्रयास को आगे बढ़ाते हुए निगम अपने केन्द्रों में बेरोजगार व् कम पढ़े लिखे युवाओं के लिए प्रशिक्षण पश्चात स्वरोजगार की सुनिश्चतता हेतु पहल करते हुए विभिन्न संगठनों के पैनल गठन हेतु (नियोजन एजेंसी / एन.जी.ओ / वी.टी.पी. / उद्योगों आदि) प्रस्ताव आमंत्रित करता है ।

विभिन्न संगठन अपने तकनीकी / वित्तीय प्रस्ताव प्रशिक्षण पश्चात स्वरोजगार की उपलब्धता के उद्देश्य पूर्ती हेतु निगम को प्रेषित कर सकते है । प्रशिक्षण पश्चात निगम ये अपेक्षा करता है विभिन्न संगठन निगम द्वारा संचालित प्रशिक्षण कार्यक्रम में सहभागी बन प्रशिक्षनार्थियों को स्वरोजगार हेतु न्यूनतम 6 माह तक व्यवहारीक सहायता (handhold support) प्रदान करें ।ये सहायता प्रशिक्षण पश्चात प्रोजेक्ट प्रतिवेदन निर्माण, व्यवसायिक मानसिकता का विकास, बाज़ार की उपलब्धता, ऋण सहायता जैसे महतवपूर्ण विषयों पर आधारित होगी ।आवश्यकता अनुसार चयनित संगठनो को ग्राम पंचायत स्तर तक प्रशिक्षण उपलब्ध कराना होगा. प्रशिक्षण कार्यक्रम के तुलनात्मक अध्यन हेतु मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के मापदंडो / दिशानिर्देशों का उपयोग होगा ।पृथक ट्रेडों / प्रशिक्षण कार्यक्रमों के अन्य प्रस्तावों पर विचार किया जा सकता है. केंद्र व् छ.ग. शासन द्वारा संचालित अन्य योजनाओं के साथ समन्वय स्थापित कर कार्यक्रम के संचालन का प्रस्ताव दिया जा सकता है।

प्रस्ताव प्रेषण हेतु आवश्यक दिशा निर्देश:

1. प्रस्ताव का संकेतात्मक प्रारूप निगम की वेबसाइट - **www.cgscaantyavasai.com** से डाउनलोड किया जा सकता है, अथवा निगम मुख्यालय से प्राप्त किया जा सकता है.
2. प्रस्ताव दो प्रारूप में होंगे - तकनीकी / वित्तीय
3. प्रशिक्षण पश्चात शतप्रतिशत रोज़गार / स्वरोजगार की उपलब्धता अनिवार्य होगी
4. स्वरोजगार हेतु न्यूनतम 6 माह की व्यवसायिक सहायता अनिवार्य होगी
5. व्यवसायिक सहायता (handhold support) का सम्पूर्ण विवरण तकनीकी प्रस्ताव में करें (संकेतात्मक प्रारूप संलग्न - परिशिष्ट 'अ')
6. व्यवसायिक सहायता (handhold support) की लागत का विवरण वित्तीय प्रस्ताव में करें (संकेतात्मक प्रारूप संलग्न - परिशिष्ट 'ब')
7. तकनीकी / वित्तीय प्रस्ताव पृथक लिफाफों में सील बंद कर एक बड़े लिफार्फे में सील बंद कर दिया जावे.
8. अमानत राशि का ड्राफ्ट पृथक से दिया जा सकता है

निगम की भूमिका:

छ.ग. राज्य अंत्यावसायी सहकारी वित्त एवं विकास निगम द्वारा संचालित प्रशिक्षण केन्द्र व् उनमे कार्यरत अधिकारी / कर्मचारी क्षमतानुसार व् अधोसंरचना की उपलब्धता अनुसार इस कार्यक्रम में सहभागी बनेंगे, साथ ही सम्पूर्ण कार्यक्रम का अनुश्रवण व् मूल्यांकन कर अपना प्रतिवेदन उपलब्ध करवाएंगे. सम्पूर्ण प्रक्रिया में प्रबंध संचालक महोदय का निर्णय अंतिम होगा. वांछित परिणामों की अनुपस्थिति में किसी प्रकार का भुगतान नहीं किया जावेगा व् निगम ऐसे संगठनों पर दांडिक कार्यवाही हेतु बाध्य होगा. सम्पूर्ण कार्यक्रम में निगम की भूमिका नियंत्रक / अनुश्र्वक / मूल्याकनकर्ता की होगी.

चयन प्रक्रिया:

वर्तमान प्रक्रिया सिर्फ प्रस्ताव आमंत्रण हेतु है । समय सीमा में प्राप्त प्रस्तावों का प्राथमिक स्तर पर चयन निगम द्वारा गठित तकनीकी समिति द्वारा किया जावेगा. तकनीकी रूप से उपयुक्त प्रस्तावों के ही वित्तीय प्रस्तावों की समीक्षा की जावेगी. चयन पश्चात संगठनों को कार्यक्रम की अवधि / मापदंड व् अन्य निति नियम निर्धारण के निर्माण के लिए अनुबंध वार्ता (Contract Negotiation) हेतु आमंत्रित किया जाएगा. तत्पश्चात दोनों पक्ष आपसी सहमति से समझौता ज्ञापन (MoU - Memorandum of Understanding) पर हस्ताक्षर करेंगे.

प्रक्रिया शुल्क:

प्रस्ताव प्रेषण हेतु इच्छुक एजेंसी को राशि रु 5000/- का ड्राफ्ट अमानत राशि के रूप में निगम मुख्यालय में प्रस्ताव के साथ जमा करना होगा. उक्त ड्राफ्ट **" Managing Director, Chhattisgarh Rajya Antyavasai Sehkari Vitt evm Vikas Nigam"** के पक्ष में जारी होगा. यह राशि अचयनित संगठनों को 30 दिवस के भीतर वापस की जायेगी. उक्त राशि प्रस्तावों के चयन से एजेंसी द्वारा पूर्व वापसी / प्रस्ताव में गलत जानकारी देने के स्थिति में निगम द्वारा जब्त कर ली जायेगी.

प्रस्ताव की भाषा:

इच्छुक एजेंसी अपने प्रस्ताव हिंदी / अंग्रेजी भाषा में प्रेषित कर सकते हैं

प्रस्ताव भेजने की अंतिम तिथि: वेबसाइट पर अपलोड होने के 15 दिवस के भीतर (16 जनवरी 2017)

प्रस्ताव खोलने की तिथि : 18.01.2017

प्रस्ताव भेजने का पता: प्रस्ताव डाक द्वारा / स्वयं उपस्थित हो कर दिए जा सकते हैं

प्रति,

प्रबंध संचालक

छ.ग.राज्य अंत्यावसायी सहकारी वित्त एवं विकास निगम

चतुर्थ तल, व्यवसायिक परिसर, हाऊसिंग बोर्ड भवन,

सेक्टर 27, नया रायपुर

प्रस्ताव पर अस्वीकृति:

प्राप्त प्रस्तावों को निम्न कारणों से अस्वीकृत किया जा सकेगा:

1. गलत / भ्रामक जानकारी देना

   अमानतराशि के ड्राफ्ट की अनुपस्थिति

2. किसी भी प्रकार से निगम के किसी भी अधिकारी / कर्मचारी को चयन हेतु प्रभवित करना

*** समय सीमा के पश्चात किसी भी प्रस्ताव को स्वीकार नहीं किया जावेगा**

स्वीकृति / अस्वीकृति पर अंतिम निर्णय निगम के प्रबंध संचालक का होगा

किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में दोनों पक्षों की सुनवाई हेतु न्यायालयीन क्षेत्र रायपुर होगा

प्रस्ताव के साथ अनिवार्य रूप से निम्न दस्तावेजों को संलग्न करना होगा :

1. एजेंसी के letter head पर व्याख्या पत्र (covering letter)
2. अमानत राशि का ड्राफ्ट
3. एजेंसी के पंजीकरण सम्बन्धी दस्तावेज़
4. फर्म / एजेंसी का सम्पूर्ण विवरण (पता / संरचना / स्वामित्व)
5. फर्म / एजेंसी का ऑडिट रिपोर्ट (पिछले 2 वर्ष की)
6. पूर्व में संपादित सम्बंधित कार्यों का विवरण / अनुभव प्रमाण पत्र

7. प्रस्ताव के निष्पादन हेतु अपनाई जाने वाली कार्यशैली का विवरण

प्रस्ताव सम्बन्धी जानकारी हेतु निम्न पते पर संपर्क किया जा सकता है:

प्रबंध संचालक
छ.ग.राज्य अंत्यावसायी सहकारी वित्त एवं विकास निगम
चतुर्थ तल, व्यवसायिक परिसर, हाऊसिंग बोर्ड भवन,
सेक्टर 27, नया रायपुर

परिशिष्ट अ

<u>तकनीकी प्रस्ताव का प्रारूप</u>

क्र	**प्रशिक्षण हेतु प्रस्तावित ट्रेड का नाम व् कोड**	**छात्रों की संख्या**	**अवधि**	**सर्टिफिकेट प्रदायकर्ता एजेंसी**	**प्रशिक्षण स्थल (जिला / तहसील / ग्राम) नाम व् संख्या**	**व्यवहारिक प्रशिक्षण का विवरण (internship, भ्रमण आदि)**

उपरोक्त प्रारूप के अलावा फर्म / एजेंसी द्वारा 6 माह के handhold support का सम्पूर्ण विवरण इसी प्रस्ताव के साथ संलग्न करना होगा.

उपरोक्त प्रारूप के अलावा अन्य प्रस्ताव सम्बन्धी जानकारी इसी प्रस्ताव के साथ दी जा सकती है

परिशिष्ट ब

<u>वित्तीय प्रस्ताव का प्रारूप</u>

प्रशिक्षण कार्यक्रम व् handhold support हेतु

क्र	कार्य विवरण	अवधि	मात्रा	राशि अंकों में	राशि शब्दों में
1	प्रशिक्षण कार्यक्रम				
2	handhold support				

Filename: ppp 2.doc
Directory: D:\My Documents
Template: C:\Users\SIMPLY-C\AppData\Roaming\Microsoft\Templates\Normal.dotm
Title:
Subject:
Author: Santosh
Keywords:
Comments:
Creation Date: 24-Dec-16 10:38:00 AM
Change Number: 5
Last Saved On: 02-Jan-17 2:42:00 PM
Last Saved By: SIMPLY-C
Total Editing Time: 8 Minutes
Last Printed On: 02-Jan-17 2:43:00 PM
As of Last Complete Printing
Number of Pages: 9
Number of Words: 1,467 (approx.)
Number of Characters: 8,368 (approx.)